## आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 04.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. देशव्यापी अग्नि सुरक्षा सप्ताह आज से शुरू–औपचारिक उद्घाटन नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन में होगा।
2. अंडमान निकोबार द्वीप समूह ने 'सबसे ऊँचा अंडरवाटर ह्यूमन स्टैक' बनाकर दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया।
3. भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी ने विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह, मिशन दृष्टि, का प्रक्षेपण किया।
4. कमोर्टा में 'एसएचजी हुनर हाट – ग्रामीण कौशल और स्वदेशी जनजातीय भावना का उत्सव' का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, संबंधित केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों के सहयोग से, देश भर के स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में आग के खतरों की रोकथाम के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए आज से 10 मई तक में 'अग्नि सुरक्षा सप्ताह' मनाएगा। इस आयोजन का औपचारिक उद्घाटन आज नई दिल्ली स्थित कर्तव्य भवन–1 में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव की अध्यक्षता में किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के एक भाग के रूप में, स्वास्थ्य सचिव द्वारा 'स्वास्थ्य सुविधाओं में अग्नि सुरक्षा' पर शपथ दिलाई जाएगी। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन के दौरान, राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जागरूकता अभियान, मॉक ड्रिल, क्षमता निर्माण पहल और अग्नि सुरक्षा प्रोटोकॉल के प्रसार सहित कई प्रकार की गतिविधियां करेंगे, जिनका उद्देश्य स्वास्थ्य कर्मियों और प्रशासकों को अग्नि निवारण, आपातकालीन प्रतिक्रिया और निकासी प्रक्रियाओं के प्रति संवेदनशील बनाना है।

<><><><><><><>

उत्कृष्टता की भावना को मजबूत करते हुए, अंडमान निकोबार द्वीप समूह ने कल स्वराज द्वीप के लाइटहाउस डाइव साइट पर 'सबसे ऊँचा अंडरवाटर ह्यूमन स्टैक' बनाकर दूसरा गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस मानव श्रृंखला की ऊँचाई 22.3 मीटर मापी गई, जो 3 मिनट तक बनी रही। इस दौरान उपराज्यपाल एडमिरल डी.के. जोशी के साथ 14 स्कूबा डाइवर्स ने मिलकर पानी के भीतर इस विशाल मानव

श्रृंखला का निर्माण किया। गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के निर्णायक ऋषि नाथ ने आधिकारिक तौर पर इस नए विश्व रिकॉर्ड की घोषणा करते हुए प्रशासन को प्रमाण पत्र भेंट किया। इससे पहले स्वराजद्वीप में प्रशसन ने सबसे बड़ा अंडरवाटर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर अंडमान निकोबार कमान के कमांडर–इन–चीफ वाइस एडमिरल अजय कोचर, मुख्य सचिव डॉ. चंद्र भूषण कुमार, पुलिस महानिदेशक एच.एस. धालीवाल के साथ पर्यटन विभाग और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

"संपर्क से समाधान – प्रशासन गाँव की ओर" के अंतर्गत डिगलीपुर के सहायक आयुक्त की अध्यक्षता में राधानगर ग्राम पंचायत हॉल में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के तहसीलदार भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य प्रशासन को सीधे गाँवों तक पहुँचाना, जनता की शिकायतों को सुनना और उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित करना था। शिविर में राधानगर पंचायत के पंचायती राज संस्थानों के निर्वाचित प्रतिनिधियों और आम जनता ने भाग लिया। इस दौरान म्यूटेशन, भूमि उप–विभाजन और भूमि समर्पण जैसे मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। सहायक आयुक्त ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, राधानगर–1 का क्षेत्रीय निरीक्षण कर जमीनी स्तर पर सार्वजनिक सेवाओं के वितरण और स्कूल के कामकाज की जानकारी ली।

<><><><><><><>

वस्तुओं की अवैध जमाखोरी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की प्रवर्तन टीम ने सिप्पीघाट पंचायत के अंतर्गत विम्बलीटान के एक आवासीय परिसर से कुल 140 सिलेंडर बरामद किए। भारतीय तेल निगम लिमिटेड और अंडमान निकोबार पुलिस विभाग के अधिकारियों ने संयुक्त अभियान चलाकर एलपीजी सिलेंडरों को ज़ब्त कर सिलेंडरों को अधिकृत एलपीजी भंडारण केंद्र में स्थानांतरित कर दिया। इस मामले में अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत शामिल व्यक्तियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही शुरू की गई। निदेशालय ने जनता से अनधिकृत जमाखोरी से दूर रहने की अपील की।

<><><><><><><>

भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप गैलेक्सी ने कैलिफोर्निया से स्पेसएक्स के फाल्कन–9 रॉकेट से विश्व के पहले ऑप्टोसार उपग्रह, मिशन दृष्टि, का प्रक्षेपण किया। उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गैलेक्सी को बधाई देते हुए इसे भारत के अंतरिक्ष और नवाचार के सफर में एक महत्वपूर्ण

उपलब्धि बताया है। उपराष्ट्रपति ने कहा है कि मिशन दृष्टि अपनी उन्नत, हर मौसम में चौबीसों घंटे पृथ्वी अवलोकन क्षमता के साथ भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण कदम है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में निर्मित सबसे बड़े निजी उपग्रह का सफल प्रक्षेपण युवाओं के नवाचार और राष्ट्र निर्माण के जुनून का प्रमाण है।

<><><><><><><>

ननकौड़ी ब्लॉक के तहत कमोर्टा में हाल ही में 'एसएचजी हुनर हाट – ग्रामीण कौशल और स्वदेशी जनजातीय भावना का उत्सव' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कमोर्टा और ननकौड़ी द्वीपों के स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों ने स्टॉल लगाकर स्थानीय स्तर पर निर्मित विभिन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में पारंपरिक और जातीय खाद्य पदार्थ, लकड़ी के शिल्प, हस्तनिर्मित कटलरी और अन्य स्वदेशी उत्पाद आकर्षण का केंद्र रहे, जो निकोबार क्षेत्र की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और शिल्प कौशल को दर्शाते हैं। यह कार्यक्रम दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तत्वावधान में आयोजित किया गयाा। उद्घाटन अवसर पर ननकौड़ी के सहायक आयुक्त डॉ. क्षितिज ज्ञानराज ने पारंपरिक कौशल को बढ़ावा देने और जमीनी स्तर पर उद्यमिता को मजबूत करने के लिए एसएचजी सदस्यों के प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी मोहम्मद यूनुस एम. और जनजातीय जन–प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

गुडविल एस्टेट स्थित विज्ञान केन्द्र में अवकाश शिविर का उद्घाटन करते हुए केंद्रीय द्वीप कृषि अनुसंधान संस्थान के निदेशक, डॉ. जय सुंदर ने समकालीन चुनौतियों के समाधान और एक प्रगतिशील समाज के निर्माण में विज्ञान की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने ऐसे अवकाश शिविरों के निरंतर आयोजन के लिए केन्द्र के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ये शिविर कम उम्र से ही युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस दौरान व्यावहारिक प्रयोग, संवादात्मक सत्र और अध्ययन दौरे सहित विभिन्न प्रकार की गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इससे पहले, प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए विज्ञान केन्द्र के शिक्षा अधिकारी, देबाशीष पॉल ने बताया कि इस शिविर में सरकारी और निजी स्कूलों के लगभग 115 छात्र भाग ले रहे हैं। यह शिविर 31 मई तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>

## **समाचार पत्रों की सुर्खियां**

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह के पानी के भीतर सबसे ऊँची मानव स्टैक का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए प्रमुखता से सचित्र छापा है। इसके अलावा अखबार ने द्वीपों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के लागू होने के समाचार को भी प्रकाशित किया है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने पानी की स्थिति पर संबंधित विभागों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है। **इंफो इंडिया** ने सुर्खी दी है–मध्योत्तर अंडमान में लगातार बिजली कटौती से स्थानीय निवासी और कारोबारी परेशान, जबकि मानसून से पहले गुणवत्तापूर्ण मीठे पानी की मछली के बीज की आपूर्ति की बढ़ती मांग के समाचार को **द इको ऑफ इंडिया** में जगह मिली है।

**<><><><><><><>**